account' payment @ Rs. 528/- per metric tonne towards royalty on crude oil was made. This 'on account' rate of royalty has been increased to Rs. 578/- per metric tonne with effect from 1.4.1996. These provisional rates are subject to adjustment on notification of final rate of royalty to be notified on receipt of audited figures of cost of production of crude oil from Comptroller & Auditor General. Government of Gujarat has requested to fix the final rate of royalty on crude oil for the block period 1993—96 and for the block period 1996—99.

(e) Royalty in respect of mineral oil (defined as including Petroleum & Natural Gas) is governed by the provisions of Oilfields (Regulation & Development) Act, 1948 and the Petroleum and Natural Gas Rules, 1959. C&AG has been requested to expedite the audit of the cost of production figures for notifying the final rate of royalty early.

दरभंगा (बिहार) में पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसियां

1782. श्री ईश दत्त यादव: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्ष 1998-99 में दरभंगा (बिहार) में पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसिया खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है;

(घ) क्या सरकार बेनीपुर, दरभंगा (बिहार) में भी कोई गैस एजेंसी खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) और (ख) जिला दरभंगा (बिहार) के लिए पिछली विपणन योजनाओं से लंबित स्थानों के अलाव 1996-98 की खुदरा बिक्री केन्द्र और एल पी जी विपणन योजना में निम्नलिखित एक खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिप और दो एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को शामिल कर लिया गया है:

खुदरा बिक्री केन्द्र	:	शंकर –रोहर चौक
एल पी जी	:	रडी
	:	जाले

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) और (ड) एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपें विभिन्न त्थानों पर खोली जाती हैं, बशर्ते वह स्थान व्यवहार्यता और आर्थिक साध्यता मानकों को पूरा करता है । वर्तमान में जिला दरभंगा (बिहार) में बेनीपुर में एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, बेनीपुर, जिला दरभंगा में एक खुदरा बिक्री केन्द्र खोला जा रहा है।

विदेशों में तेल-शोधन

1783. श्री ईश दत्त यादव: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार विदेशों में तेल शोधन करने की किसी योजना पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार इस संबंध में कोई नीतिगत निर्णय लेकर इस योजना पर कब तक कार्य करना प्रारंभ कर देगी?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) (क) जी नहीं। वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

Vasudevan committee on LPG Safety

1784. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government had accepted the recommendations of Vasudevan Committee on LPG safety and national oil companies were asked to take necessary action in this regard;

(b) whether the Committee had recommended banning the use of contract labour in various operations, including